Reg. No. 22/2002-03
NOC NO. एफ–3 (128) नि.कृ./लेखा/2087-96

Ph.: 01476-231726, Fax : 01476-230167
Mob.: +91-98280-58477

R.N.T. COLLEGE OF AGRICULTURE

State Highway Road, **KAPASAN**, Distt- Chittorgarh (Raj.)
E-mail: rntagkapasan@gmail.com, Website: www.deekshacreations.org

Sr.No. : RCA/____________ Date : ____________

सादर प्रकाशनार्थ

''आर.एन.टी. कृषि महाविद्यालय में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य शैली पर संगोष्ठी का आयोजन''

कपासन 21 अगस्त, 2023, ''मजबूत राष्ट्र का निर्माण वहां की स्वस्थ जनता एवं स्वस्थ पर्यावरण पर निर्भर करता है।'' ऐसे विचार आरोग्य भारती चित्तौडगढ प्रान्त द्वारा आर.एन.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, कपासन में महर्षि चरक जयंती पर ''**पर्यावरण एवं स्वास्थ्य शैली**'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता आरोग्य भारती चित्तौडगढ प्रान्त के प्रान्त सचिव कैलाश चन्द्र सौमानी ने कहे। वैद्य सौमानी ने सभी विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली के टिप्स देते हुए कहा कि यदि व्यक्ति स्वस्थ होगा तो वह स्वस्थ परिवार का निर्माण करेगा, जिससे स्वस्थ ग्राम एवं स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होगा। शयन से लगाकर प्रातःकाल उठने व दिनभर की कार्यशैली का प्रयोगात्मक रूप से वर्णन किया। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति के हाथों में पंचभूत रहते हैं, इस जानकारी से अवगत कराया तथा बडों को प्रणाम तथा प्राणायाम के महत्व पर भी विचार व्यक्त किये।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्रबन्ध निदेशक डॉ. वसीम खान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आयुर्वेद के महान् चिकित्सक महर्षि चरक जयन्ती की शुभकामनाएं देते हुए आयुर्वेद के महान् चिकित्सक चरक, अश्विनी कुमार, धन्वन्तरि, च्यवन एवं सुरुत ऋषि आदि की उपादेयता पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता आरोग्य भारती चित्तौडगढ के प्रान्त अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी ने आरोग्य एवं स्वास्थ्यवर्द्धन हेतु छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए ब्रह्मनाद द्वारा स्वास्थ्य लाभ करवाया। कार्यक्रम से पूर्व कृषि कॉलेज प्राचार्य डॉ. एल. के. दशोरा, द्वारा अतिथियों का शब्दशः परिचय करवाया तथा स्वागत किया। आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धमाना में कार्यरत प्रान्त सहसचिव कैलाशचन्द्र शर्मा ने स्वस्थ पर्यावरण एवं जीवनयापन की कलाओं से परिचय करवाया तथा आयुर्वेद के रहस्यों से अवगत कराते हुए पर्यावरण को स्वस्थ बनाने व जीवन को मधुर बनाने की शैली से अवगत

कराया। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता कपासन उपखण्ड चिकित्साधिकारी डॉ. ओ. पी. रायपुरिया ने एलोपेथ व आयुर्वेद चिकित्सा के गुण दोषों से अवगत कराते हुए भारतीय चिकित्सा प्रणाली के गुणों से अवगत कराया।

कार्यक्रम प्रभारी प्रो. एल. के. दशोरा ने बताया कि चरक जयंती पर आर. एन. टी. कॉलेज एवं आरोग्य भारती चित्तौडगढ प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में '' **पर्यावरण एवं स्वास्थ्य शैली**'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही आगामी धन्वन्तरि दिवस पर इस महाविद्यालय में एक नवगृह एवं कुरान वाटिका की स्थापना की जायेगी जिससे महाविद्यालय में कृषि में अध्ययनरत छात्रों को औषधि पौधों की खेती के बारे में जानकारी देने में सहायक होगी। संगोष्ठी में अकादमिक निदेशक शिव नारायण शर्मा, पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रो. एस. एन. ए. जाफरी, स्टॉफगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापिका डॉ. दीपिका सौमानी ने किया।

प्राचार्य